Annualreport 16-17.Pdf.

# डॉ. राधाबाई शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, रायपुर, छ.ग.

## विशिष्ट कार्यों के संबंध में प्राचार्य द्वारा दिया गया प्रतिवेदन

## वर्ष 2016–17

1. **प्रवेश** – सत्रारंभ में महाविद्यालय में प्रवेश कार्य उच्च शिक्षा विभाग/विश्वविद्यालय के नियमानुसार किया गया। महाविद्यालय में कुल 781 छात्राओं ने प्रवेश लिया।

2. **एन्टी रेगिंग समिति**– सत्रारंभ में ही अनुशासन समिति एवं एन्टी रैगिंग समिति का गठन कर लिया गया। आज दिनांक तक महाविद्यालय में किसी भी छात्रा की रैगिंग संबंधी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। महाविद्यालय में अनुशासन बना रहे इसके लिए बाहरी तत्वों का प्रवेश रोका गया। सुप्रीमकोर्ट की धारणा के अनुकूल उडनदस्ता तथा एंटी रैगिंग स्कैवड (ARS) का गठन संपन्न किया गया

3. **छात्रवृत्तियाँ**– पिछड़ा वर्ग की 130 छात्राएं, अनु. जाति 17 अनु.जनजाति की 16 छात्राओं, को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्तियां प्रदान की गई , 171 छात्राओं की बी.पी.एल छात्रवृत्ति 04 अल्पसंख्यक एवं 02 मेरिट कम पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रस्तावित है।

4. **प्रोत्साहन पुरस्कार**– महिला सेवा एवं कल्याण समिति रायपुर द्वारा कला एवं विज्ञान संकाय की सर्वाधिक अंक प्राप्त अंतिम वर्ष की छात्राओं को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए।

5. **मेधावी छात्रा पुरस्कार योजना**– महाविद्यालय में यह योजना प्रारंभ की गई जिसमें विभिन्न विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त छात्राओं, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी छात्रा, सर्वश्रेष्ठ एन.सी.सी कैडेट एवं सर्वश्रेष्ठ एन.एस.एस छात्रा को पुरस्कार दिए गए। यह पुरस्कार राशि दानदाताओं द्वारा दी गई। यह योजना अनवरत जारी रखी जाएगी। इस पुरस्कार योजना में समाज के गण मान्य नागरिकों के अलावा जनभागीदारी सदस्यों के द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया।

6. **शैक्षणिक कैलेन्डर** – सत्र् 2016–17 के लिए उच्च शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय द्वारा अकादमिक कैलेण्डर घोषित किया गया। छात्राओं के सम्यक मूल्यांकन की व्यवस्था हेतु आंतरिक मूल्यांकन की परीक्षा का निर्देश है। महाविद्यालय द्वारा अकादमिक कैलेण्डर के निर्देशों का पूर्णतः पालन किया गया। 'प्रथम सत्र् परीक्षा', 'द्वितीय सत्र् परीक्षा', 'प्री

फाइनल परीक्षा' महाविद्यालय स्तर पर की गई। अंतिम परीक्षा वार्षिक परीक्षा की पूर्व तैयारी के सदृश्य कराई गई। इसके अतिरिक्त चार यूनिट टेस्ट मासिक लिए गए। महाविद्यालय में समस्त सातों परीक्षा आयोजित की गई ताकि छात्राएं अनवरत रूप से अध्ययनरत् रहें।

7. **खेलकूद**– छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के खेल कलेण्डर के अनुसार खेल विधाओं का आयोजन एवं प्रशिक्षण दिया गया।
महाविद्यालय द्वारा सेक्टर स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता दिनांक 29.30. सिंतबर 2016 को आयोजित कराया गया जिसमें छात्राओं ने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया जिसमें कुल 18 टीमों ने भाग लिया जिसमें छात्रा का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु हुआ। फुटबॉल अंतरमहाविद्यालयीन राज्य स्तरीय प्रातियोगिता जो कि 07 सिंतबर 2016 को आयोजित था में सलेक्शन ट्रायल में भाग लिया जिसमें छात्रा का चयन वि.वि. स्तर पर हुआ। 21 नवम्बर 2016 को आयोजित सेक्टर स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं का चयन क्वाटर फायनल में हुआ। महाविद्यालय की छात्रा ने अंतरमहाविद्यालयीन राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बतौर सेलेक्शन ट्रायल में भाग लिया। इसमें छात्रा का चयन वि.वि. प्रतियोगिता हेतु हुआ। महाविद्यालय की छात्राओं ने सेक्टर स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में भाग लिया। महाविद्यालय की छात्रओं ने सेक्टर स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता जो कि 08–09 दिसंबर 2016 को आयोजित थी मे प्रतियोगिता का प्रतिनिधित्व किया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा ने 200 मी. रेस में तीसरा स्थान प्राप्त किया। सत्र् 2016–17 में दिनांक 05.12.16 को वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं हेतु – 100 मी, 200मी, 400 मी, 800मी रेस भाला,तवा एवं डिस्कस फेक एवं स्लो सायकल रेस आयोजित किया गया।

8. **एनएसएस**– सत्र् 2016–17 में राष्ट्रीय सेवा योजना की नियमित गतिविधयों के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यतः छात्राओं का उन्मुखीकरण, वृक्षारोपण, विभिन्न ज्ञानवर्धन व्याख्यान, कैरियर चयन हेतु कौशल विकास मार्गदर्शक सेमिनार, कुष्ठ आश्रम में कुष्ठ रोगियों को वस्त्र, बिस्कुट आदि सामग्री का वितरण किया। मानसिक दिव्यांग छात्राओं के छात्रावास में खाद्य सामग्रियों का वितरण, मठपारा बस्ती के जरूरतमंद लोगो को वस्त वितरण कार्य किया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विभिन्न दिवसों को एन.एस. एस. के द्वारा मनाया गया, जिसमें एन.एस.एस. दिवस,

एड्स दिवस, मानवअधिकार दिवस, राष्ट्रीय कृमि निषेध दिवस, विवेकानंद जयंती उल्लेखनीय है। महाविद्यालय की 06 छात्राओं ने वि.वि. शिविर में भागीदारी की। एन.एस. एस द्वारा नारी सशक्तिकरण के अंतर्गत विश्वरिकार्ड हेतु बनाई गई महिला श्रृंखला में भी भागीदारी की गई। इस वर्ष एन.एस.एस के 04 स्वयंसेवकों को ''सी'' प्रमाणपत्र, व 25 स्वंय सेवकों को ''बी'' प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

9. **एनसीसी**– विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जुलाई 2016 से फरवरी 2017 तक एन.सी.सी की गतिविधियां महाविद्यालय में संपादित की गयी जिसमें प्रथम वर्ष मे 31 एवं द्वितीय वर्ष में 15 एवं तृतीय वर्ष में 06 छात्राओं ने प्रवेश लिया महाविद्यालय में कार्य दिवसों के दौरान हर मंगलवार को परेड डे के तहत एन.सी.सी केडेटो को परेड का अभ्यास एवं थ्योरी क्लासेस ली गई। सत्र् 2016–17 में 09 कैडेटो ने ''सी'' सर्टिफिकेट एवं 09 कैडेटो ने ''बी'' सर्टिफिकेट के लिए परीक्षा उत्तीर्ण की है। सत्र् 2016–17 में कुल 04 कैम्प अलग अलग स्थान हुए जिसमें दिनांक 16.05.16 से 25.05.16 तक हाई सेकेण्डरी स्कूल गोढ़र गांव, जिसमें 09 छात्राओं ने, दिनांक 19.07.16 से 28.07.16 इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय रायपुर 10 छात्राओं ने, दिनांक 21.11.16 से 11.11.16 तक मैट्स यूनिर्वसिटी गुल्लु आरंग में 05 छात्राओं ने एवं दिनांक 12.11.16 से 21.11.16 तक मैट्स यूनिर्वसिटी गुल्लु आरंग में 06 छात्राओं ने भाग लिया। कैंप के दौरान 02 एन.सी.सी कैडेटो को फायरीग में प्रथम स्नान प्राप्त हुआ । 03 एन.सी.सी कैडेटो को ड्रील में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ दिनांक 21.06.16 को विश्व योगा दिवस विज्ञान महाविद्यालय में मनाया गया । दिनांक 26.06.16 को ''एंटी ड्रग रैली'' कैडेटो द्वारा निकाली गयी। दिनांक 03.08.16 को छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में औषधि पौधे का वृक्षारोपण किया गया। दिनांक 15.08.16 को एन.सी.सी. कैडेटो ने पुलिस ग्राउंड रायपुर में होन वाली ड्रील में 05 एन.सी.सीत्र कैडेटों ने भाग लिया एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। सिंतबर एवं अक्टूबर माह में को एन.सी.सी. कैडेटो ने महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई किया। दिनांक 27.11.2016 को एन.सी.सी. दिवस में सभी एन.सी.सी छात्राएं, कुष्ट रोगी आश्रम जाकर रोगीयों कपडे और मिठाई प्रदान किया । दिनांक 13.10.17 को '' अन्तराष्ट्रीय युवा दिवस'' मनाया गया इस दिन महाविद्यालय की एन.सी.सी कैडेटो ने पहले ''कैशलेस डिजिटल इंडिया'' के बारे में ज्ञान प्राप्त किया तथा अपने आस –पास के 10–10 लोगो को भी ''कैशलेस डिजिटल इंडिया'' के तहत भीम ऐ पके बारे में जागरुक किया

एस.जी.टी. दीपा ध्रुव को को सत्र् 2016-17 का सवेश्रेष्ठ एन.सी.सी. छात्रा चुना गया।

10. **ग्रंथालय-** छात्राओं के संपूर्ण विकास के लिए महाविद्यालय में ग्रंथालय की व्यवस्था है, जिसमें विभिन्न मदों को मिलाकर कुल 14870 पुस्तकें उपलब्ध हैं। इस सत्र् में शासन द्वारा प्राप्त आबंटन से ग्रंथालय में 846 पुस्तकों की वृद्धि हुई है। महाविद्यालय में 3 समाचार पत्र, 8 पत्रिकाएं तथा 10 शोध पत्रिकाएं नियमित रूप से आती हैं जिनका उपयोग छात्राएँ, शोधार्थी एवं प्राध्यापक करते हैं। ग्रंथालय में लाइब्रेरी मेनेजर, साफ्ट वेयर के माध्यम से कार्य प्रारंभ, वॉय-फॉय की सुविधा एन लिस्ट 21000 जनरल्स की सुविधा।

11. **सांस्कृतिक गतिविधियाँ-** महाविद्यालय में छात्राओं की मौलिक एवं रचनात्मक क्षमताओं को विकसित करने हेतु सत्र भर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहा। दिनांक 19.08.2016 को दो चरणों में मेंहदी लगाओ स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 63 प्रतिभागी रहे। विष्णुत्रय स्मृति दिवस पर दिनांक 18.09.16 को श्री राम कला संगीत महाविद्यालय में आयोजित अन्तर महाविद्यालयीन समूह नृत्य स्पर्धा में महाविद्यालय की छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दिनांक 29.11.16 को व्यंजन स्पर्धा के अंतर्गत लौकी के व्यजंन बनाए गया जिसमें 10 प्रतिभागियों ने भागीदारी की दिनांक 06.12.16 को आयोजित सलाद स्पर्धा में 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। दिनांक 06.12.16 को ही महाविद्यालय में अलप्ना, रंगोली स्पर्धा एवं केश सज्जा का आयोजन हुआ। जिसमें 14 एवं 11 प्रतिभागी ने हिस्सा लिया दिनांक 14.12.16 को विविध वेशभूषा, एकल गान, समूह गान, एकल नृत्य और समूह नृत्य स्पर्धाएं आयोजित की गई। विविध वेशभुषा में 11 प्रतिभागी ने एकल नृत्य में 17 प्रतिभागीयों ने एकल गायन में 21 प्रतिभागी ने तथा समूह नृत्य में 16 समूहों की सहभागिता रही है। दिनांक 15.12.16 को कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय देवेन्द्र नगर द्वारा आयोजित अन्तर महाविद्यालीयन एकल गायन स्पर्धा में महाविद्यालय की छात्रा रशिमता होजाई ने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

12. **साहित्यिक गतिविधियां-** महाविद्यालय स्तर पर विविध कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया यथा - 12.08.16 को आई.क्यू.ए.सी के निर्देशानुसार हिन्दी साहित्य परिषद का गठन किया गया। दिनांक 23.08.16 को स्वतंत्रता दिवस के 70वीं हिन्दी साहित्य परिषद एवं समिति की संयोजनक में निर्देशन में मर्धन्य कहानीकार

मुंशी प्रेमचंद की कहानी ‘पंचपरमेश्वर का नाट्याभिनय प्रस्तुत किया गया। एवं साहित्यिक समिति के द्वारा देशभक्ति गीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 37 छात्राओं ने भाग लिय निर्णायक पद से सर्वश्री सुरेश वैष्णव रहें। दिनांक 06.09.2016 हिन्दी दिवस के समिति द्वारा डॉ. गौरी अग्रवाल के संयोजनकत्व में हिन्दी सप्ताह का शुभांरभ किया गया है। इसके तहत महाविद्यालय परिवार के हिन्दी में हस्ताक्षर करों एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आोजन किया गया। 12 से 14 सितबंर 2016 हिन्दी सप्ताह के अन्तर्गत हिन्दी कहानी पाठ का कार्यक्रम भी हुआ 12 सितंबर को हिन्दी कहानी लेखिका एवं छत्तीसगढ़ महाविद्यालय की प्राध्यापक के द्वारा उनकी रचित कहानी एक और अहिल्या का पाठ उन्ही द्वारा किया गया। 22 नवम्बर 2016 को हिन्दी भाषा एवं साहित्य के प्रति अभिरूचि एवं ज्ञानवर्धन हेतु जिसका लक्ष्य स्पष्ट लेखन, शुद्ध मात्रा, उच्च कल्पना एवं विचार शक्ति का सृजन करना था। 29 नवम्बर 2016 हिन्दी परिषद के द्वारा छात्राओं हेतु तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में 64 छात्राओं ने भाग लिया। 14 जनवरी 2017 को मकर संक्राति के उपलक्ष्य में शैक्षिणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इसी दिवस में विभाग द्वारा आयोजित विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता स्वामी विवेकानंद : नगरी सम्मान पर आधारित पुरस्कार की उपाध्याक्ष कु. प्रियंका वैष्णव ने उत्कृष्ट निबंध का पुरस्कार प्राप्त किया। 15 फरवरी 2017 आई.क्यू.ए.सी. के तहत छत्तीसगढ़ी भाषा व्याकरण स्वरूप एवं प्रयोग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

13. **सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता** – महाविद्यालय में दिनांक 12.09.16 सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ से संबंधित सामान्य जानकरी पर, दिनांक 26.09.2016 को पर्यावरण से संबंधित जानकारी पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, दिनांक 17.10.16 को स्पोर्टस से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 21.11.2016 को कला एवं राजनिति विषय पर एवं दिनांक 13.12.2016 को समसमायिक घटनाओं पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया दिनांक 15.12.2016 सं 17.12.2016 तक 3 मानसिक गणित की सीरीज, गणित विभाग द्वारा महाविद्यालय की समस्त छात्राओं के लिए आयोजित की गई।

14. **कैरियर काउंसलिंग सेल**– कैरियर कांउसलिंग सेल के अंतर्गत सत्र् 2016–17 में छात्राओं को भविष्य में रोजगार संभावनाओं कैरियर गाइडेंस व प्लेसमेंट सेल द्वारा

कार्यक्रम आयोजित किये गये। दिनांक 9,10 व 14 सितंबर 2016 को महाविद्यालय की छात्राओं के लिए I.C.A. (Institute of Computer accountants ) द्वारा Excel व Tally का तीन दिवसीय प्रमाण पत्र कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें लगभग 236 छात्राओं व अध्यापकों ने भागीदारी की। दिनांक 20.09.16 के महाविद्यालय की पूर्व छात्रा पूर्व छात्रा पुष्पा देवांगन द्वारा छात्राओं को स्टोनोग्राफी का डेमो व जानकारी दी गई जिसमें 100 छात्रायें उपस्थित रहीं। दिनांक 06.09.16 को रायपुर वामा कैपिटल द्वारा महाविद्यालय में संप्रेषण शैली व व्यक्तित्व विकास पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें ट्रेनर संजना जैन व दुर्ग जोन ट्रैनी आशीष द्वारा छात्राओं को प्रशिक्षण किया गया व पुरस्कृत भी किया गया। दिनांक 05.11.16 को राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शैफ सुभाष अग्रवाल द्वारा घरेलु वस्तुओं के उत्पादन व निर्माण संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 70 छात्राओं व प्राध्यापकों ने विक्स, कोलीन, मूव, सर्फ एक्सल, हर्बल शैंपू, परफ्म आदि बनाने सीखे, दिनांक 16.11.16 को अमेरिकन लायब्रेरी मुंबई प्रतिनिधि दल (श्रीमती सीतालक्ष्मी और रुबीन) ने प्राध्यापकों व छात्राओं को अमेरिकन लायब्रेरी की सदस्या तथा उपलब्ध पुस्तको के संसाधनों की जानकारी दी महाविद्यालय के 15 लोगों ने इसकी सदस्यता ग्रहण की। दिनांक 07.12.16 को छ. ग. शासन द्वारा आयोजित युवा संलल्प कार्यक्रम में महाविद्यालय की गाइडेंस सेल प्रभारी सहित 271 छात्राओं ने भागीदारी की नगर निगम रायपुर द्वारा डिजिटल एमबेडसर का प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया। दिनांक 06.12.16 को महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ, रुपा सल्होत्रा द्वारा छात्राओं को छत्तीसगढ़ में रोजजगार संभवानायें, व्यापक व पी.एस.सी. परीक्षा की तैयारी से संबंधित जानकारी दी गई। दिनांक 19.12.16 को लायंस क्लब ऑफ रायपुर कैपिटल द्वारा छात्राओं को स्वावलंबी बनाने हतु चार सिलाई मशीन महाविद्यालय को भेंट की गयी। इन चार सिलाई मशीनों के द्वारा छात्राओं के लिये एक सिलाई का प्रशिक्षण कार्यक्रम 01.02.17 से 10.03.17 तक आयोजित किया गया जिसमें 22 छात्राओं ने भागीदारी की दीप अकादमी के श्री कुलदील पटेल द्वारा 09.02.17 को छात्राओं हेतु एक स्मरणशक्ति एवं व्यक्तिगत विकास सेमीनार का आयोजन किया गया। आई क्यू. ए.सी. के तत्वाधान में 13.02.17 से 17.02.17 तक 5 दिवसीय फल एवं सब्जी परीरक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 30 छात्राओं को पौष्टिक बर्फी, सॉस, आचार, जैम जैली, आचार आदि का प्रशिक्षण फूड एवं न्यूट्रिसन बोर्ड द्वार दिया गया।

15. **वार्षिक पुरस्कार वितरण–** वार्षिकोत्सव दिनांक 05.12.16 से 14.12.16 तक आयोजित किया गया। जिसके तहत खेलकूद प्रतियोगिता 05.12.16 ललित कला की प्रतियोगिता 06.12.16 तथा सांस्कृतिक प्रतियोगिता 14.12.16 को संपन्न हुई। छात्रसंध के अन्तर्गत प्रतिमा प्रोत्साहन पुरस्कार का आयोजन दिनांक 09.01.17 को किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अल्का श्रीवास्तव प्राचार्य शास. महाविद्यालय गोबरा नयापारा आमंत्रित थीं।

16. **छात्रसंध चुनाव –** महाविद्यालय में दिनांक 26.08.2016 को प. रविशंकर वि.वि. की अधिसूचना तहत सपंन्न हुआ। चुनाव के पश्चात् विभिन्न समितियों का गठन किया गया। छात्रसंघ का शपथ ग्रहण दिनांक 12.09.16 को कराया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य के द्वारा शपथ दिलाई गई।

17. **शोध गतिविधियाँ–** महाविद्यालय में वर्तमान में सत्र् 2016–17 में प्राचार्य द्वारा सी.जी.कॉस्ट का प्रोजेक्ट किया जा रहा है। आबंटित राशि 5 लाख मात्र है। कई राष्ट्रीय कार्यशाला व संगोष्ठियों में महाविद्यालय की प्राचार्य रिर्सोस परसन के रूप में आमंत्रित की गई है। महाविद्यालय में पूर्व प्राध्यापक गृह विज्ञान द्वारा 2 एम.आर.पी. पूर्ण किए गए तथा हिन्दी विभाग के प्राध्यापक द्वारा यू.जी.सी. प्रायोजित एम.आर.पी. पूर्ण किया गया है। वर्तमान में अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, समाज शास्त्र,गृह विज्ञान, वनस्पति शास्त्र और गणित विषय में एम.आर.पी चल रहें हैं।

इस सत्र में अर्थशास्त्र में 01 और गृह विज्ञान में 01 छात्रा को पी.एच.डी उपाधि प्राप्त हुई हैं अर्थशास्त्र में 01 और गृह विज्ञान में 01 छात्रा को पी.एच.डी. उपाधि प्राप्त हुई है। अर्थशास्त्र में 07 और गृह विज्ञान में छात्राओं का पी.एच.डी शोध कार्य जारी है। महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा 30 कार्याशाला एवं संगोष्टियों में रिसोर्स परसन, शोध पत्र वाचन एवं सहभागी के रूप में भागीदारी की । आई.एस.एस.एन. आई अंर्तराष्ट्रीय जनरल में गृह विज्ञान, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, गणित के प्राध्यापकों ने अपने 30 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए है इसका इम्प्रेट फैक्टर 1 से 5 के बीच है।

18. **कार्यशाला व सेमीनार–** सत्र 2016–17 में महाविद्यालय की अकादमिक प्रगति काफी बेहतर रही। इसके तहत दो दिवसीय कार्यशाला, 21 एवं 22 अक्टूबंर 2016 को आयोजित की गई जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न महाविद्यालयों के लगभग 84 प्रतिभागियों ने भाग लिय। इस कार्यशाला के द्वारा उन्हें विज्ञान से संबंधित विभिन्न

उपकरणें के रखरखाव, उनकी जानकारी एवं उपयोगिता के बारे में बताया गया। इसका आयोजन इंन्दिरा गांधी कृषि वि.वि. के प्रायोगशाला में किया गया इसके तहत वि.वि. की जर्मप्लाजा प्रोजेक्शन की प्रायोगशाला में धन की छत्तीसगढ़ में अनेक प्रजातियों के बारे में जानकारी प्राप्त हुई।

**एनसीसी–** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जुलाई 2016 से फरवरी 2017 तक एन.सी.सी की गतिविधियां महाविद्यालय में संपादित की गयी जिसमें प्रथम वर्ष मे 31 एवं द्वितीय वर्ष में 15 एवं तृतीय वर्ष में 06 छात्राओं ने प्रवेश लिया महाविद्यालय में कार्य दिवसों के दौरान हर मंगलवार को परेड डे के तहत एन.सी.सी केडेटो को परेड का अभ्यास एवं थ्योरी क्लासेस ली गई। सत्र् 2016–17 में 09 कैडेटो ने ''सी'' सर्टिफिकेट एवं 09 कैडेटो ने ''बी'' सर्टिफिकेट के लिए परीक्षा उत्तीर्ण की है। सत्र् 2016–17 में कुल 04 कैम्प अलग अलग स्थान हुए जिसमें दिनांक 16.05.16 से 25.05.16 तक हाई सेकेण्डरी स्कूल गोढ़र गांव, जिसमें 09 छात्रओं ने, दिनांक 19.07.16 से 28.07.16 इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय रायपुर 10 छात्राओं ने, दिनांक 21.11.16 से 11.11. 16 तक मैट्स यूनिर्वसिटी गुल्लु आरंग में 05 छात्राओं ने एवं दिनांक 12.11.16 से 21.11.16 तक मैट्स यूनिर्वसिटी गुल्लु आरंग में 06 छात्राओं ने भाग लिया। कैंप के दौरान 02 एन.सी.सी कैडेटो को फायरीग में प्रथम स्नान प्राप्त हुआ । 03 एन.सी.सी कैडेटो को ड्रील में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ दिनांक 21.06.16 को विश्व योगा दिवस विज्ञान महाविद्यालय में मनाया गया । दिनांक 26.06.16 को ''एंटी ड्रग रैली'' कैडेटो द्वारा निकाली गयी। दिनांक 03.08.16 को छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में औषधि पौधे का वृक्षारोपण किया गया। दिनांक 15.08.16 को एन.सी.सी. कैडेटो ने पुलिस ग्राउंड रायपुर में होन वाली ड्रील में 05 एन.सी.सीत्र कैडेटों ने भाग लिया एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। सिंतबर एवं अक्टूबर माह में को एन.सी.सी. कैडेटो ने महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई किया। दिनांक 27.11.2016 को एन.सी.सी. दिवस में सभी एन.सी.सी छात्राएं, कुष्ट रोगी आश्रम जाकर रोगीयों कपडे और मिठाई प्रदान किया । दिनांक 13.10. 17 को '' अन्तराष्ट्रीय युवा दिवस'' मनाया गया इस दिन महाविद्यालय की एन.सी.सी कैडेटो ने पहले ''कैशलेस डिजिटल इंडिया'' के बारे में ज्ञान प्राप्त किया तथा अपने आस –पास के 10–10 लोगो को भी ''कैशलेस डिजिटल इंडिया'' के तहत भीम ऐ पके बारे में जागरूक किया एस.जी.टी. दीपा ध्रुव को को सत्र् 2016–17 का सवेश्रेष्ठ एन.सी.सी. छात्रा चुना गया।